staff should at least get three promotions in his entire career.

(c) The matter is under consideration.

(d) There are no such whims.

(e) Does not arise.

फार्मासिस्ट काउन्सिल, बिहार में फार्मासिस्टों का पंजीकरण

4662. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फार्मासिस्ट काउंसिल, पटना (बिहार) में फार्मासिस्टों का पंजीकरण चालू है; यदि हां तो 1990 से 1993 के वर्षों की अवधि के दौरान कितने प्रमाणपत्र जारी किए गए और प्रमाणपत्र धारियों के नाम तथा पते क्या-क्या हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि फार्मासिस्टों का पंजीकरण भारत के "औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम" के अन्तर्गत किया जाता है, यदि हां, तो क्या 1990 से 1993 के वर्षों में ये प्रमाणपत्र कानून के अनुसार तथा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत जारी किए गए थे, यदि नहीं तो उक्त पंजीकरण पर क्या कार्यवाही की जा रही है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि फार्मासिस्ट प्रमाण पत्र के निदेश की समयावधि समाप्त हो गयी है; यदि हां, तो क्या नियमों तथा कानून के अन्तर्गत इनका नवीकरण किया जाएगा और ऐसे कितने मामले निपटाए गए हैं तथा उनके नाम और पते क्या-क्या हैं ; और

(घ) क्या फार्मासिस्ट पंजीकरण हेतु कोई नियम और विनियम निर्धारित किए गए हैं, यदि हां, तो उनका ब्यौर क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) यह पंजीकरण उन व्यक्तियों के लिए है जिनके पास भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा या डिग्री है। वर्ष 1990 से 1993 के दौरान बिहार फार्मेसी परिषद द्वारा पंजीकृत फार्मेसिस्टों की संख्या इस प्रकार है :—

वर्ष	पंजीकृत फार्मेसिस्टों की संख्या
1990	201
1991	292
1992	1319
1993	423
कुल :	2235

पंजीकृतों के नाम और पते राज्य की परिषद में उपलब्ध हैं।

(ख) फार्मेसिस्टों का पंजीकरण फार्मेसी अधिनियम, 1948 के उपबन्धों और इस सिलसिले में राज्य सरकार द्वारा तैयार किए गए नियमों के अनुसार किया जाता है।

(ग) और (घ) फार्मेसी अधिनियम, 1948 की धारा 46 के तहत तैयार किए गए नियमों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा पंजीकरण का नवीकरण किया जाता है।

Drinking Water in Rural Areas

4663. SHRI G. Y. KRISHNAN : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that since 80 per cent population is living in rural areas and majority percentage is below poverty line are forced to relay on impure and infected drinking water of streams, ponds, open and uncleaned wells, with the result that majority of rural population particularly children are suffering from water borne diseases with the result that high percentage of death occurs in rural areas and 80 per cent sickness by drinking polluted and infected water;

(b) if so, whether Government will arrange to distribute free of cost chlorine tablets developed and commercialised by the National Environment Engineering Research Institute (NEERI), Nagpur or similar Central Government Research Institution under Central Grant on the pattern of Central Malaria Eradication Pro-